संपादकीय

धनबल का बोलबाला

आम चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही देश में चुनाव सुधार के मुद्दे फिर से चर्चा में आ गए हैं। काले धन पर रोक लगाने और नकदी का लेन-देन घटाने के लिए ढाई साल पहले नोटबंदी जैसा ऐतिहासिक कदम उठाया गया था। इसके बावजूद कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार चुनावी खर्च के सारे रिकॉर्ड टूटने वाले हैं। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमसी) के अनुसार, इस चुनाव में 50 हजार करोड़ रुपए तक खर्च हो सकते हैं। कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनैशनल पीस के मुताबिक, साल 2019 का भारतीय आम चुनाव अमेरिकी चुनावी खर्च को भी पीछे छोड़ देगा। इसने ब्यौरा दिया है कि 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और संसदीय चुनावों में 650 करोड़ डॉलर(मौजूदा विनिमय दर के अनुसार 46,211 करोड़ रुपये) खर्च हुए थे। इसके बरक्स भारत में 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में 35,547 करोड़ रुपये (500 करोड़ डॉलर) खर्च हुए थे।

लेकिन भारतीय आम चुनाव-2019 में अमेरिकी चुनावों के खर्च का आंकड़ा आसानी से पार हो सकता है। ऐसा हुआ तो यह दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव होगा। देश में चुनावों पर होने वाले अथाह खर्च को भारतीय जनतंत्र की एक बड़ी बीमारी के रूप में देखा जाता है। इसमें भारी मात्रा में काले धन का लेन-देन होना एक बात है, पर इससे भी बुरी बात यह है कि साधारण भारतीय जन चुनाव प्र या से बाहर हो गए हैं और व्यवस्था तेजी से धनवानों के कब्जे में जा रही है। यही नहीं, चुनाव में भारी रकम फूंकने की बाध्यता ने राजनीतिक नेतृत्व को भ्रष्ट बनाया है, जिसके चलते संतुलनकारी शक्ति के रूप में उसकी भूमिका संदिग्ध हो गई है। इस समस्या से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने खर्च सीमा तय करने और चंदे की व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की पहल की लेकिन उसके हर कदम का तोड़ पार्टियों ने निकाल लिया। दिखाने के लिए उन्होंने आय-व्यय के आंकड़े जरूर पेश किए, पर इस मामले में पारदर्शिता बरतने पर कतई राजी नहीं हुईं।

अभी हर लोकसभा प्रत्याशी के चुनाव खर्च की सीमा 70 लाख रुपए तय की गई है, जो 2014 में 28 लाख थी। खर्च के लिए एक बार में 10 हजार रुपए से अधिक नगद राशि कोई उम्मीदवार किसी को नहीं दे पाएगा। प्रत्याशी को नया बैंक खाता खुलवाना पड़ेगा, जिसकी जानकारी जिला निर्वाचन दफ्तर को देनी होगी। लेकिन ये सारे निर्देश व्यवहार में किस हद तक लागू होंगे, इसका कुछ अंदाजा चुनाव तिथियों की घोषणा से ठीक पहले आई विज्ञापनों की बाढ़ को देखकर लगाया जा सकता है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) जैसी संस्थाएं चुनाव के बाद बताती हैं कि अमुक पार्टी ने इतने खर्च किए या इतने बाहुबली चुनाव जीत गए। अपनी इस भूमिका को लेकर चुनाव के दौरान भी उन्हें सचेत रहना चाहिए। नियमों का उल्लंघन होते ही उन पर चर्चा हो तो शायद हालात बदलें।

बोइंग 737 मैक्स विमानों पर रोक लगने के बाद जेट एयरवेज यात्रियों को सस्ते में दे रहा टिकट

नई दिल्ली (आनएनएस)। देश में बोइंग 737 मैक्स विमानों पर रोक लगने के बाद जेट एयरवेज यात्रियों के लिए खास ऑफर लेकर आया है। जेट एयरवेज ने देश की 37 जगहों के टिकट की शुरुआत 1,165 रुपये से हो रही है।

सिविल एविएशन में स्पर्धा बढ़ने की वजह से जेट एयरवेज ने यह ऑफर दिया है। इसके अलावा एयरलाइन ने चार से ज्यादा यात्रियों के साथ में यात्रा करने पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट देने का भी फैसला किया है। टिकट कम से कम यात्रा की तारीख से 14 दिन पहले बुक कराना होगा। शर्तों व नियमों के अनुसार यह ऑफर केवल एक तरफ की यात्रा व केवल इकनॉमी क्लास केलिए है। टिकट बुक करने के 12 महीने बाद तक वैलिड रहेंगे। किराए के सामान्य नियमों के मुताबिक ही बच्चे का डिस्काउंट, डेट चेंज, रिफंड चार्ज, वीकेंड सरचार्ज, ब्लैक आउट पीरियड, ट्रैवल रेस्ट्रिक्शन लागू होंगे। जेट एयरवेज कभी भी बिना पूर्व सूचना के नियमों में बदलाव कर सकता है। जानकारी के मुताबिक अगर चार यात्री साथ में टिकट बुक करके यात्रा करते हैं तो उन्हें कुल 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह टिकट जेट एयरवेज की वेबसाइट या मोबाइल ऐप से ही करना होगा।

बता दें कि देश में बोइंग 737 मैक्स विमानों पर रोक लगने के बाद कई एयरलाइंस कंपनियां यात्री किराए में वृद्धि कर सकती है। क्योंकि स्पाइसजेट के 14-15 विमान उड़ान नहीं भर पाएंगे।

बीएसएनएल-एमटीएनएल कर्मचारियों को होली से पहले मिलेगी फरवरी की सैलरी

नई दिल्ली। आर्थिक संकट से जूझ रही सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी BSNL और MTNL के कर्मचारियों को राहत मिलने वाली है. दरअसल, होली (21 मार्च) से पहले सरकार इन दोनों कंपनियों के कर्मचारियों की बकाया सैलरी का भुगतान करेगी.

बता दें कि दोनों ही कंपनियां अपने कर्मचारियों के पिछले महीने की सैलरी का भुगतान नहीं कर पाई हैं. टेलिकॉम इतिहास में पहली बार BSNL के 1.76 लाख कर्मचारियों की सैलरी अटकी है. अब तक कर्मचारियों को हर महीने के आखिरी या अगले महीने के पहले वर्किंग डे तक सैलरी मिल जाती थी.

किसका कितना बकाया

एक वरिष्ठ अधिकारी ने एजेंसी पीटीआई को बताया कि सरकार ने MTNL को अपने कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए 171 करोड़ रुपये का लंबित बकाया जारी किया है. वहीं BSNL 20 मार्च तक अपने आंतरिक संसाधनों से कर्मचारियों के 850 करोड़ रुपये के वेतन बकाये का भुगतान करेगी.

शेन वार्न ने कहा- एमएस धोनी की आलोचना करने वालों को कुछ नहीं आता

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज लेग स्पिनर शेन वार्न में भारत की वनडे विश्व कप टीम में महेंद्र सिंह धोनी की भूमिका को लेकर बड़ा बयान दिया है। वार्न ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी एक ऐसा क्रिकेटर है जिसे दुनिया की हर टीम अपने पास रखना चाहेगी। वार्न ने कहा, 'जब परिस्थितियां मुश्किल होती हैं तो आपको महेंद्र सिंह धोनी जैसे अनुभवी क्रिकेटर की जरूरत होती है। जो लोग धोनी की आलोचना करते हैं उन्हें नहीं पता होता की वे क्या कर रहे हैं। दरअसल, उन्हें कुछ नहीं पता। उसका अनुभव

और नेतृत्व करने का गुण उसे भारत के विश्व कप अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी बनाता है।'

शेन वार्न ने भारत और इंग्लैंड को बताया विश्व कप का प्रबल दावेदार

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ने ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए उन्हें भारत की विश्व कप में शामिल करने की वकालत की। जब वार्न से विश्व कप के प्रबल दावेदारों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत और इंग्लैंड प्रबल दावेदार हैं। क्योंकि उन्होंने पिछले 1 साल में अपने क्रिकेट पर काफी काम किया है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अब विश्वास हासिल कर लिया है कि वे किसी भी परिस्थिति में मैच जीत सकते हैं।' विश्व कप की शुरूआत 30 मई से 14 जुलाई के बीच इंग्लैंड और वेल्स में होनी है।

भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून को हैम्पशॉयर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करेगा।'

गूगल ने जीमेल, ड्राइव में आई समस्या के लिए माफी मांगी

सैन फ्रांसिस्को (आनएनएस)। गूगल ने दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं द्वारा जीमेल और अन्य सेवाओं में बाधा आने की समस्याओं की शिकायत किए जाने पर माफी मांगी है।

भारत सहित कई देशों के उपयोगकर्ताओं ने जीमेल अटैचमेंट्स और इसे एक्सेस करने के साथ ही ड्राफ्ट ईमेल को एक्सेस, सेव करने और ईमेल भेजने में दिक्कतों की शिकायत की थी। गूगल ने बताया कि समस्या को सुलझा दिया गया है।

गूगल ने अपनी सर्विस वेबसाइट पर एक बयान जारी कर कहा, हम असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं। आपके धैर्य और निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूरोप और एशिया के कई उपयोगकर्ताओं ने जीमेल, गूगल मैप्स और गूगल ड्राइव में हो रही समस्या की शिकायत की थी।

टेनिस : इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे फेडरर

इंडियन वेल्स (आनएनएस)। स्विट्जरलैंड के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने गुरुवार को यहां ब्रिटेन के नंबर-1 काइल एडमंड को मात देकर इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पांच बार के विजेता फेडरर ने एंडमंड को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से पराजित किया। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। बीबीसी के अनुसार, 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता फेडरर ने अभी तक इस प्रतियोगिता में एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने एडमंड के खिलाफ सभी सात ब्रेक प्वाइंट बचाए और पहले सर्व पर 79 प्रतिशत अंक अपने नाम किए। एंडमंड पहले गेम से ही मुश्किल में नजर आए। फेडरर ने पहले सेट में दमदार खेल दिखाया और जल्द ही 5-1 की बढ़त ले ली। दूसरे सेट में फेडरर को जीत के थोड़ी मेहनत करनी पड़ी लेकिन उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी को वापसी का कोई बड़ा मौका नहीं दिया।

आज का राशिफल

मेषः शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ भोजन करने तथा आनंदपूर्वक समय व्यतीत करने का योग होगा। आर्थिक मामले में भविष्य के लिए अच्छी प्लानिंग कर सकेंगे। लक्ष्मी

वृषभः आज का दिन स्फूर्ति और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों की तरफ से उपहार मिलेगा।

मिथुनः आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से अनिष्टों में से बचा लेंगे। आपके वाणी-व्यवहार से गलतफहमी पैदा न हो, ध्यान रखें। परिवार में क्लेश का वातावरण हो सकता है।

कर्कः आकस्मिक धन प्राप्ति से आपका दिन अत्यंत आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। संतान और जीवनसाथी से लाभ होगा।

सिंहः कार्यों में विलंब से सफलता मिलेगी। ऑफिस में आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। जीवन में अधिक गंभीरता का अनुभव करेंगे।

कन्याः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव हो सकता है। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य की चिंता परेशान कर सकती है। ऑफिस में अधिकारियों के साथ आपका वाद-विवाद न हो, ध्यान रखें।

तुलाः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खराब व्यवहार के कारण झगड़े-विवाद हो सकते हैं। क्रोध पर संयम रखें। आकस्मिक धनलाभ होगा।

वृश्चिकः नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे-संबंधियों और बुजुर्गों से लाभ प्राप्ति का संकेत है। सामाजिक समारोह, पर्यटन जैसे प्रसंगों में जाएंगे।

धनुः आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल बनेगा। परोपकार की भावना आज रहेगी। आमोद-प्रमोद के लिए आपका दिन व्यतीत होगा। नौकरी-व्यवसाय में उन्नति और मान-सम्मान प्राप्त होगा।

मकरः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी सृजनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। खर्च बढ़ सकता है।

मीनः आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों के लिए उत्तम समय है। पति-प ी के बीच दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मिलन मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक प्रगाढ़ बनेगा।

पोर्ट एलिजाबेथ वनडे : दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

पोर्ट एलिजाबेथ (आनएनएस)। दक्षिण अफ्रीका ने यहां खेले गए चौथे वनडे मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 4-0 बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 189 रन पर ढेर कर दिया और फिर 32.5 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मेजबान टीम के लिए क्विंटन डीकॉक ने 51, कप्तान फॉफ डुप्लेसिस ने 43 और ज्यां पॉल ड्यूमिनी ने नाबाद 31 रन बनाए। डेविड मिलर ने नाबाद 25 रन बनाया। श्रीलंका की ओर से धनंजय डी सिल्वा को तीन और कसुन रजिता को एक विकेट मिला।

चैम्पियंस लीग : बायर्न को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची लिवरपूल

म्यूनिख (आनएनएस)। लिवरपूल ने बुधवार रात यहां यूरोपीय चैम्पियंस लीग राउंड ऑफ-16 के दूसरे लेग के मुकाबले में जर्मन क्लब बायर्न म्यूनिख को 3-1 हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। पिछले वर्ष इस टूर्नामेंट में फाइनल तक का सफर तय करने वाली इंग्लिश क्लब लिवरपूल ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पहले लेग के मैच में गोल रहित ड्रॉ खेला था।

बायर्न के खिलाफ लिवरपूल की पूरी टीम ने दमदार प्रदर्शन किया और फारवर्ड सादियो माने ने दो गोल दागे। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। 26वें मिनट में माने ने डिफेंडर वर्जिल वेन डाइक के पास पर शानदार खेल दिखाते हुए 18 गज के बॉक्स के अंदर से गोल करते हुए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई।

बायर्न जल्द ही वापसी करने में कमयाब रही और 39वें मिनट में डिफेंडर जोल मैटिप के ओन गाले ने उसे बराबरी दिला दी। लिवरपूल ने दूसरे हाफ में अपने खेल को बेहतर किया। मेहमान टीम ने लगातार अटैकिंग फुटबाल खेली जिसका परिणाम उन्हें मिला।

सफलता के लिए नजरिया बदलें, हालात खुद-ब-खुद बदलेंगे

कई बार जो चीजें दूसरों के लिए गलत होती हैं, उन्हीं में महारत हासिल कर लोग सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले जाते है। जब हम नजरिया बदलने की बात करते हैं, तो उसका मतलब यह है कि किसी भी मुद्दे को देखने का हमारा तरीका कैसा है। मान लीजिए अफीम या गांजा है, इसके सेवन से नशा होता है। मगर इसका इस्तेमाल पेन किलर के तौर पर भी किया जाता है। इसी तरह डिजिटल वर्ल्ड में हैकिंग भी है। यह अपराध की श्रेणी में आता है, मगर इसे एथिकली किया जाए तो सरकार और समाज के लिए काफी काम का भी हो सकता है। हमारी आज की कहानी में भी कुछ ऐसा ही कहा गया है। मोबाइल जैसे डिजिटल उपकरणों पर निर्भरता बढ़ने से साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ा है। हाल ही में एक साइबर हमले में पुणे के 'कोसमोस बैंक' से 94 करोड़ रुपये चुरा लिए गए।

भारत समेत कई देशों में फेसबुक और इंस्टाग्राम डाउन, यूजर्स रहे परेशान

नई दिल्ली (आनएनएस)। भारत, अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के कई देशों में फेसबुक और इंस्टाग्राम को लगभग एक घंटे भर से ज्यादा डाउन नजर आया। कई यूजर्स ने मैसेंजर को लेकर भी शिकायत की। कुछ यूजर्स के फेसबुक अकाउंट नहीं खुले तो कुछ को लाइक और कॉमेंट करने में दिक्कतें हुईं। वहीं, इंस्टाग्राम पर भी यूजर्स को फोटो अपलोड करने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर पर कई यूजर्स ने इसकी शिकायत की। कई यूजर्स ने स्क्रीनशॉट भी शेयर किए जिसमें कंपनी के एक नोटिफिकेशन में लिखा नजर आ रहा है कि मेनटेनेंस के चलते फेसबुक फिलहाल डाउन है। कुछ ही मिनटों में ठीक हो जाएगा। कई यूजर्स फेसबुक के डाउन होने पर नाराज दिखे तो कुछ यूजर्स ट्वीट कर मजाकिया अंदाज में फेसबुक के न चलने पर अपनी प्रतिक्रिया भी देते नजर आए। फेसबुक डाउन होने की यह समस्या वेबसाइट और ऐप दोनों पर ही नजर आई। हालांकि कंपनी ने कहा था कि कुछ मिनटों में यह ठीक हो जाएगा, लेकिन रात 12 बजे के बाद भी काफी यूजर्स को फेसबुक चलाने में दिक्कत आ रही थी।

पत्ता गोभी कोफ्ते बनाने की विधि जानिए

आपने पत्ता गोभी का उपयोग नूडल्स और मोमोज़ बनाने में किया होगा। लेकिन आप इससे कई तरह की इंडियन डिश बना सकते हो। कोफ्ते ऐसी ही एक लाजवाब रेसिपी है पत्ता गोभी के कोफ्ते बनाने के लिए सामग्री:

पत्तागोभी-1 (कद्दूकस किया),
लाल मिर्च पाउडर-1/2 टीस्पून,
बेसन- 5 टेबलस्पून,
हींग-1 चुटकी,
नमक- स्वादानुसार
ग्रेवी बनाने के लिए
प्याज-2 कटे हुए, गरम मसाला पाउडर-1 टीस्पून, टमाटर प्यूरी-1 कप, हरा धनिया- 2 टीस्पून बारीक कटा, फेश ीम-2 बड़े टीस्पून, हल्दी -1 टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर-1 टीस्पून, फ्रेश क्रीम-2 बड़े टीस्पून, तेल जरूरत के अनुसार

बनाने कि विधि :

एक बाउल में गोभी, नमक, बेसन, लाल मिर्च और हींग डालकर मिला करें। तेल गर्म करें और गोभी के मिक्सचर से गोल शेप में मीडियम आंच पर कोफ्ते बना लें। नॉनस्टिक कड़ाही में 3 बड़े टीस्पून तेल गरम करें और उसमें प्याज डालकर गोल्डेन होने तक भुने लें। फिर इसमें हल्दी, धनिया पाउडर और लाल मिर्च पाउडर डालकर मीडियम आंच पर एक मिनट तक भून लें। फिर इसमें टमाटर प्यूरी डालकर दो मिनट तक भून लें। अब इसमें क्रीम को फेंटकर डालें और एक मिनट तक चलाते हुए पका लें। इसके बाद 1 कप पानी डालकर पांच मिनट तक धीमी आंच पर पका लें। अब कोफ्ते, नमक और गरम मसाला डालकर एक मिनट तक पका लें। हरा धनिया डालें और गरमा -गरम सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-06

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 05 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	य
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	वा	■	शो	ला
रा	र	■	■	■	ही	र	क	■

सू-दोकू-06

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 05 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4